हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका आरू की सुरमयी प्रस्तुति से देर रात तक झूमते रहे श्रोता



## खबर संक्षेप

### जिले के 32 क्लस्टर में दीदी के गोठ का प्रसारण



**जशपुर** । पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तगत रेडियो कार्यक्रम "दीदी के गोठ" का प्रसारण जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान समूह की महिलाएँ, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाई गई। जिसमें नारायणपुर की दीदी का कहानी का प्रसारण किया गया। जिले के 32 कलस्टर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमएम विजय सरन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमीन ख़ान और भरत लाल पटेल समेत दीदियाँ उपस्थित रहीं।

### स्वच्छाग्राहियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**जशपुर** । कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत कांसाबेल के सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रत्येक ग्राम में -घर घर से कचरा संग्रहण करके कचरे का पृथक्करण प्लाटिक अपशिष्ट का प्रबंधन अवशिष्ट बिक्री से आय में वृद्धि, स्वच्छता शुल्क का निर्धारण, सामुदायिक शौचालय का संचालन एवं संधारण स्वच्छ एवं सुन्दर ग्राम का निर्माण की योजना स्वच्छाग्राहियों का सम्मान एव शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उनको सेफ्टी किट हेल्थ चेकअप कैंप इत्यादि विषय में जानकारी दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में समस्त 40 ग्राम के सरपंच सचिव एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के 3-3 स्वच्छाग्राहियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य कार्यालन अधिकारी जनपद पंचायत संदीप कुमार मरावी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मदन प्रेमी यूनिसेफ के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

### नदी में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**सीतापुर**। नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। बालक कूल से घर आने के बाद नहाने के लिए अपने दोस्तों के साथ निकल गया था। घंटों बाद युवक का शव नदी के किनारे पानी टंकी के पास बरामद किया गया। बालक का शव बरामद करने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलसरा नवाटोली निवासी 7 वर्षीय अनमोल केरकेट्टा आ. अनिल केरकेट्टा शुक्रवार की शाम 5 बजे स्कूल से लौटा था। स्कूल से आने के साथ ही बालक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए केशला मांड नदी में चला गया। नहाते समय बचा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बहने लगा। इस दौरान नदी किनारे मौजूद लोगों ने अनमोल केरकेट्टा को बचाने का प्रयास किया लेकिन बहाव तेज होने के कारण वह तेजी से बहता चला गया और पानी में डूब गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम दवारा बच्चे की तलाश की जा रही थी।

# हिमालय पर्वतारोहण अभियान पर निकली जशपुर की युवा टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर से एक विशेष पर्वतारोहण दल हिमालयी अभियान के लिए रवाना हुआ है। दल में शामिल जशपुर के युवा पर्वतारोही रवि सिंह, तेजल भगत, रूसनाथ भगत, सचिन कुजुर और प्रतीक नायक शामिल है।

जशपुर की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय परंपराओं, प्रकृति-आधारित जीवनशैली और सामूहिकता की भावना से है। हिमालय की ऊंचाइयों पर इन युवाओं का पहुंचना केवल एक खेल उपलब्धि नहीं बल्कि इस बात का प्रतीक है कि कैसे आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक ताकत और प्रकृति से गहरे रिश्ते को लेकर दुनिया के सामने खड़ा हो रहा है। दल के सदस्य अपनी संस्कृति और साहस अपने साथ लिए हिमालय की ओर बढ़ रहे हैं। यह अभियान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से संचालित हो रहा है। दल जशपुर से रांची के लिए रवाना हुआ, जहां से वे ट्रेन द्वारा दिल्ली पहुँचेंगे। दिल्ली से आगे टीम जगतसुख पहुँचेगी, जहाँ वे 4 सितम्बर तक की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद 5 सितम्बर को टीम आधार शिविर की ओर प्रस्थान करेगी। दल को विदा करने के लिए जशपुर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के



वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, जशपुर के डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और एसडीएम विश्वास मस्के ने टीम को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुरक्षित एवं सफल अभियान की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जशपुर की युवा प्रतिभाएँ इस अभियान के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने में योगदान प्रदान कर रही हैं। वहीं डीएफओ शशि कुमार ने इसे जिले की उभरती खेल एवं साहसिक गतिविधियों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। विशेष रूप से, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जो स्वयं एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, ने दल के युवाओं को पर्वतारोहण और ट्रेकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षा उपायों, ऊँचाई पर स्वास्थ्य प्रबंधन और टीम भावना की अहमियत पर बल देते हुए बच्चों को प्रेरित किया। जशपुर के लोग भी इस अभियान को लेकर उत्साहित और गर्वित हैं। साथ ही स्थानीय जय जंगल कंपनी जो इस एक्सपीडिशन के स्पान्सर में से एक है, के संस्थापक समर्थ जैन का कहना है कि यह दल पूरे जिले के लिए प्रेरणा है और आने वाली पीढ़ियों को पर्वतारोहण तथा साहसिक खेलों की ओर अग्रसर करेगा। जगह-जगह लोग बच्चों के हौसले और साहस की चर्चा कर रहे हैं और सभी को उम्मीद है कि वे हिमालय से सफलता और गौरव की नई कहानियाँ लेकर लौटेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जागरूकता अभियान

पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति की दिशा में जागरूकता। यह पहल न केवल युवाओं को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। हिमालय अभियान से यह संदेश भी जाएगा कि साहसिक खेलों और पर्वतारोहण के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी जा सकती है। इससे न केवल जशपुर बल्कि पूरे राज्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### अवैध कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा

# अवैध गुटखा-तंबाकू परिवहन का पर्दाफाश ट्रक मालिक पर 30 लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने एक बार फिर अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए तंबाकू व गुटखा परिवहन का बड़ा जखीरा पकड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीएसटी विभाग ने जांच कर ट्रक मालिक पर करीब 30 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया है।

पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को थाना लोदाम पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे-43 पर मंडी बैरियर में संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर से बोकारो जा रहा एक कंटेनर ट्रक अवैध तंबाकू उत्पाद लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने लाल रंग का कंटेनर ट्रक एचआर 55 एजे 4755 को रोका। चालक ने अपना नाम राशिद खान 40 वर्ष, निवासी फिरोजपुर, थाना महू, जिला महू हरियाणा बताया और दावा किया कि ट्रक में वाशिंग पाउडर लदा है। इसके समर्थन में उसने एक रसीद भी पेश की।



#### पुलिस को हुआ शक

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को वाहन चालक की बातों पर संदेह हुआ तब वाहन की गहन तलाशी ली गई तो उसमें 100 बोरी विमल गुटखा, 20 बोरी तंबाकू छिपाकर रखे मिले।

#### कोई वैध दस्तावेज नहीं

पुलिस ने तत्काल वाहन व माल जब्त कर प्रकरण दर्ज करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत रिपोर्ट जीएसटी विभाग को भेज दी।

#### जीएसटी की जांच में खुला राज

जशपुर पुलिस से प्राप्त प्रतिवेदन पर जीएसटी विभाग ने जांच की। जांच में साफ हुआ कि यह पूरा परिवहन अवैध तरीके से हो रहा था और भारी कर चोरी की जा रही थी। नियमों के उल्लंघन और कर चोरी पाए जाने पर विभाग ने ट्रक मालिक,चालक राशिद खान पर 29 लाख 96 हजार 480 का जुर्माना लगाया और वसूली की कार्रवाई की।

#### बर्दाश्त नहीं होगा अवैध कारोबार

जिले में अवैध गुटखा व तंबाकू का परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की सजगता और जीएसटी विभाग की सख्ती से यह बड़ी सफलता मिली है। आगे भी इस तरह की गतिविधियों पर कड़े कदम उठाए जाएंगे।

**-शशि मोहन सिंह**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



## तीन खाद दुकानों को नोटिस चार का होगा लाइसेंस निरस्त

**पत्थलगांव**। वर्तमान खरीद मौसम में जिले के कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रोहित ब्यास के दिशा निर्देश में जिले के उर्वरक बिक्रय केंद्रों का लगातार निरीक्षण जारी है। इसी क्रम में पत्थलगांव विकासखंड में विगत दो दिनों में विशेष अभियान चलाते हुए समस्त उर्वरक निरीक्षकों द्वारा विभिन्न सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्रेता केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 15 निजी तथा आठ सहकारी समिति शामिल है। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के विपरित उर्वरक का ब्यापार करने के कारण 3 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तथा चार उर्वरक बिक्रय केंद्रों का लाइसेंस निरस्तीकरण करने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में अनिविभागिय स्तरीय अधिकारि राकेश पैकरा, विकासखंड स्तरीय जेम्स लकड़ा, वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी जीवन एक्का, ग्रामीण विस्तार अधिकारी एसके यादव, अरुण कुमार शामिल थे।

### कुनकुरी के उर्वरक दुकानों का किया निरीक्षण

**जशपुर**। कृषि विभाग द्वारा कुनकुरी विकास खंड में निजी विक्रय संस्थानों का निरीक्षण वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा टीम गठित कर रासायनिक उर्वरकों का कालाबाजारी रोकने हेतु लगातार जांच की जा रही है इसी क्रम में रविवार को अन्नू सीड्स कुनकुरी यादव बीज भंडार और दीपक खाद बीज भंडार कुनकुरी के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें यूरिया की मात्रा निरंक पाई गई एस एस पी एवं डी एपी उर्वरकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया अतुल ट्रेडर्स रायकेरा द्वारा विभाग को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं देने के कारण लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल,कार्रवाई की मांग

**कोतबा**। अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ गांव की महिलाओं का विरोध प्रदर्शन एक बार फिर सामने आया है। महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर इसका जमकर विरोध किया हैं। उन्होंने गांव को नशामुक्त समाज बनाने की पहल करते हुये लोगों को जागरूक होने की अपील की हैं. महिलाओं ने इसके लिए बाकायदा कोतबा चौकी में आवेदन देकर अवैध महुआ शराब के दुष्परिणाम व उनके परिवारजनों में रही समस्या को बताया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत बुलड़ेगा में महिलाओं ने एक समिति गठित की हैं। गठित समिति में निर्णय लिया गया है कि गांव में अवैध महुआ शराब बड़े पैमाने पर बनाया और बेचा जाता हैं। जिससे उनके परिवार के नाबालिक बच्चे घर के राशन समान व अन्य उपयोगी वस्तुओं को बेचकर शराब का सेवन करते हैं। शराब सेवन से गांव में गाली-गलौच होती है और अशांति बनी हुई है। जिसके कारण शनिवार को पुलिस को आवेदन देकर गांव में रैली निकालकर लोगों को समझाइश देकर कहा गया है कि महुआ शराब बनाना और बेचना प्रतिबंध करें नही तो आने वाले दिनों में पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर कड़ी कार्यवाही की योजना बनाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष, सचिव व सरपंच सहित अन्य ग्रामीण महिलाओं के द्वारा यह निर्णय लिया गया है। महिलाओं ने बताया कि चौकी प्रभारी बृजेश यादव ने भी महिलाओं को सम्पूर्ण मदद करने की बात कही हैं. ताकि अवैध शराब पर रोकथाम हो और एक सुनहरे गांव के निर्माण में उनकी भूमिका अहम हो।इस रैली के दौरान प्रभारी ने पुलिस के जवान भेजकर अपघटित घटना के रोकथाम की पहल की।

### चोरी की बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर**। भैयाथान अंतर्गत ग्राम मोहली निवासी दिनेश देवांगन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 अगस्त को सूरजपुर स्थित पेट्रोल पंप में बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजेड 9444 को खड़ा कर काम से गया था। वापस आया तो देखा कि बाइक अपनी जगह से गायब थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें बाइक चोरी कर ले जाते एक व्यक्ति नजर आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मलगा निवासी मनु सिंह आ. मनकेश्वर (22 वर्ष) एवं चेतन सिंह आ. नंदलाल (21 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई बाइक को बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक प्रदीप सोनवानी, जितेन्द्र पटेल व देवनीश सक्रिय रहे।

### पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल

## गणेश प्रतिमा का विसर्जन, बाजे गाजे के साथ निकली युवाओं की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नवयुवक गणेश महोत्सव समिति गरियादोहर द्वारा पांच दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। घर-घर और मंदिरों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।

पांच दिनों तक गणेश की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। संध्या आरती के समय भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती थी और पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो जाता था। बच्चों और युवाओं ने भी उत्सव में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। समिति की



ओर से इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। लिटिल चैंप प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओं एवं युवतियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। धार्मिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे गणेश उत्सव का माहौल और भी रोचक बन गया। गणेश उत्सव के पांचवें दिन पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस में ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच भक्तगण नाचते-गाते हुए शामिल हुए। पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के नारों से गूंज उठा। गांव के वरिष्ठ जनों ने इस आयोजन को आपसी एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने वाला बताया। समिति के पदाधिकारियों ने सभी ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह आने वाले वर्षों में भी इसी उत्साह और भक्ति भाव के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### शिविर में आंगनबाडी केंद्रों के बच्चे, गर्भवती- शिशुवती माताएं एवं बालिकाएं हुई उपस्थित

# रजत महोत्सव अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पंजीयन हेतु विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ रजत महोत्सव अंतर्गत शनिवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांन्तर्गत पंजीयन हेतु चलाया गया विशेष अभियान इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना फरसाबहार के आंगनाबाडी केन्द्रों में महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाडी केन्द्रों के पात्र सभी गर्भवती माताओं का पीएमवीवाय पोर्टल पर पंजीयन किया गया। इस शिविर में आंगनबाडी केंद्रों के बच्चे, गर्भवती-शिशुवती माताएं, अन्य महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित हुए।

इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना पत्थलगांव में प्रधानमंत्री मातृ



वंदना पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों को समस्त दस्तावेजों के साथ बुलाकर पंजीयन किया गया। इसके साथ ही अन्य शामिल गर्भवती, शिशुवती एवं अन्य महिलाओं को योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्व, उद्देश्य, फॉर्म पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज, पात्रता एवं अपात्रता के विषय में जानकारी दी गई।

एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के तहत महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं, महतारी वंदन की हितग्राही महिलाओं, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा सभी को खान-पान, पोषणयुक्त भोजन लेने आदि के विषय में बताया गया।

## गैंगरेप के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी ने नाबालिग पीड़िता के साथ गैंगरेप करने के मामले में 3 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ति अपने दीदी के यहां शादी शामिल होने 7 जून 2023 को गई थी। इसी दौरान दिन में 11.30 बजे शादी के कार्यक्रम के दौरान वह नाच रही थी। जिसे आरोपियों ने देखा व दोपहर 2 बजे हंसपुर निवासी विनोद एक्का (25 वर्ष), चंद्र प्रकाश मिंज (25 वर्ष) व संदीप तिर्की (19 वर्ष) ने एक राय होकर नाबालिक पीड़िता को आइसक्रीम खिलाने के बहाने जबरदस्ती उसे स्कूटी में बैठा कर ले गए एवं जंगल के किनारे बांध के पास बारी-बारी से तीनों युवकों द्वारा सामुहिक दुष्कर्म किया। साथ ही रात 10 बजे किसी को नहीं बताने की धमकी देते हुए उसे घर में छोड़ दिया। पीड़िता द्वारा घटना के दूसरे दिन परिजन के साथ घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 363, 376 घ और पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज किया। कुसमी थाना द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता द्वारा पैरवी की गई। लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी द्वारा तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।


नवजागरण सेवा समिति जय स्तम्भ चौक।


जयश्री महाकाल सेवा समिति भट्ठापारा।


विनायक यूथ सेवा समिति प्रतापपुर नाका।


गणेश सेवा समिति सदर रोड।

## खबर संक्षेप



### खेलो इंडिया वुमेन्स ताइक्वांडो में दिव्या ने जीता सिल्वर

अंबिकापुर। छत्तीसगढ ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में बालोद जिले में ताइक्वांडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन्स लीग का आयोजन किया गया। 23 व 24 अगस्त को आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सरगुजा से जिले से भी टीम शामिल हुई। कोच अमन गुप्ता, पल्लवी के साथ दिव्या राजवाड़े, रौनिका तिग्गा, वर्षा यादव, रिमांड कुमारी, कविता राजवाड़े ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग में दिव्या राजवाड़े ने सिल्वर मेडल जीता। दिव्या राजवाड़े के इस उपलब्धि पर कोच अमन गुप्ता, सावित्री तिवारी, अंजली सिंह, वसी ओवैसी, पल्लवी, मो. सराफत ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### कलेक्ट्रेट इलेवन ने पुलिस इलेवन को हराया महिला वर्ग में भी कलेक्ट्रेट टीम विजयी



सूरजपुर। जिले में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती 29 अगस्त खेल दिवस के अवसर पर क्रिकेट मैचों का आयोजन पुलिस ग्राउंड पर्री में किया गया। जिसमें कलेक्ट्रेट इलेवन, पुलिस इलेवन एवं राजस्व इलेवन की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच 10-10 ओवर का कलेक्ट्रेट 11 और पुलिस 11 के बीच खेला गया। इस मैच में कलेक्ट्रेट इलेवन के कलेक्टर, डीएफओ, जिपं सीईओ, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित ओवरों में 99 रन बनाए। जवाब में पुलिस इलेवन की टीम 70 रन ही बना सकी और कलेक्ट्रेट इलेवन ने मुकाबला जीत लिया। दूसरा मैच राजस्व इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में राजस्व इलेवन ने 72 रन बनाए, जिसके जवाब में पुलिस इलेवन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 83 रन बनाए और यह मैच अपने नाम किया। महिला वर्ग में भी कलेक्ट्रेट इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच 5-5 ओवर का मैच खेला गया।

### डबरी में डूबने से वृद्ध पहाड़ी कोरवा महिला की गई जान

**बतौली/सेदम**। बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत नकना में शुक्रवार शाम 4 बजे डबरी में महिला की लाश ग्रामीणों ने देखी। मृतिका की पहचान नकना पहाड़ जोबला पारा निवासी 70 वर्षीय सुखनी पति सयतु पहाड़ी कोरवा के रूप में हुई है। महिला गांव में दंतवन और दोना पत्तल बेचने जोबला पारा पहाड़ से आई थी जो घर वापसी के दौरान सड़क किनारे स्थित हीरालाल के डबरी में पैर फिसलने से गिर गई। रास्ता सुनसान होने से ग्रामीण को पता नहीं चला शाम चार बजे डबरी में गांव के ही ग्रामीण ने लाश देखकर घटना की जानकारी गांव वालों को दी।

## उखड़ रही छत व दीवार की प्लास्टर, बारिश होते ही टपकता है पानी

# देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में केवरा हाई स्कूल की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत केवरा में संचालित हाईस्कूल का भवन देख रेख के अभाव में काफी जर्जर हो गई है। भवन की हालत अब ऐसी हो गई है कि छत व दीवार का प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगे है। ऐसे में हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्कूल के छात्र-छात्राएं न सिर्फ डरे सहमे रहते है बल्कि जान जोखिम में डाल पढ़ाई करने को मजबूर है।जबकि इस बारिश के मौसम में छत का प्लास्टर उखड़ने से अब छत से पानी टपकना शुरू हो गया है जिससे विद्यार्थियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि भवन की जर्जर हालत को लेकर विभाग के अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है। बावजूद इसके आज तक भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भुगतना पड़ता है।

**खास बात**

- जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

ग्राम पंचायत केवरा स्थित संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण हुए कई साल हो चुके है। बावजूद इसके आज तक भवन का मरम्मत नहीं कराया गया। समय पर भवन की मरम्मत नहीं होने से अब जीर्णशीर्ण होने लगी है। जबकि स्कूल में आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं पढ़ाई करने आते है। स्कूल भवन के मरम्मत नहीं होने पर कई कक्ष के प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगी। स्कूल भवन के जर्जर होने के संबंध में कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया बावजूद इसके मरम्मत कराने बगैर कक्षा संचालित है जो बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। स्कूल भवन के जीर्ण शीर्ण हालत होने के बाद भी भवन की मरम्मत आज तक नहीं हो सकी जिससे जर्जर भवन में क्षेत्र के छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डाल पढ़ाई करने को मजबूर है। समय रहते भवन की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले समय में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।


जर्जर केवरा हाई स्कूल।

### बारिश में तर बतर होता है सभी कक्ष

बरसात के मौसम के अलावा बेमौसम बारिश होने पर स्कूल स्कूल का कोई भी ऐसा कैमरा नहीं बचता जहां पानी सीपेज और छत से पानी न टपकता हो। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है बेमौसम बारिश के दौरान ऐसे स्थिति निर्मित होती है तो इस बरसात के मौसम में मूसलाधार बारिश से स्कूल की स्थिति कैसी होगी। बावजूद इसके बच्चे जान जोखिम में डालकर जर्जर स्कूल में बैठने और पढ़ाई करने को मजबूर है। छत से पानी टपकने से जहां बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता तो वहीं शिक्षकों को भी पढ़ाने से काफी परेशानी होती है।

### अन्य स्कूलों की हालत जर्जर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत अन्य शासकीय स्कूलों की हालत दयनीय है। विद्यालय का निर्माण कुछ वर्ष पहले किया गया था लेकिन आज की स्थिति सिर्फ मरम्मत के सहारे ही चल रही है बल्कि इन स्कूल की दीवारों का प्लास्टर भी अब साथ छोड़ दे रहे हैं। भवन अपनी मजबूती खो चुकी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है बल्कि हर समय डर के साय में रहते है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

स्कूल भवन की जर्जर होने की जानकारी मिली है। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया है। जर्जर भवन और मरम्मत के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

-एमएल ध्रुव
विकासखंड शिक्षा अधिकारी

## मंत्री ने गणेशोत्सव कबड्डी स्पर्धा के लिए उपलब्ध कराई मेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

विकास खण्ड मुख्यालय के ग्राम पंचायत ओडगी में गणेश पूजा समिति द्वारा रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन लगातार कई वर्षों किया जाता है,जिसके लिए कबड्डी के खिलाड़ियों व समिति द्वारा मंत्री लक्ष्मी राजवाडे के ओडगी प्रवास के दौरान मेंट की मांग की गई थी। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व क्षेत्रीय विधायक व मंत्री द्वारा खेल समिति को मेंट उपलब्ध कराई। मेट उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों व रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति में हर्ष ब्याप्त है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का यह कदम युवाओं में खेल के प्रति रूची बढाने में अहम भूमिका साबित होगी। प्रतियोगिता रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति को मेट जनपद सदस्य श्रीमति गौरी सिंह, सरपंच बिंदेश्वर चेरवा, बलराम सोनी, उप सरपंच संतोष सिंह, आशीष प्रताप सिंह, धनेश्वर राजवाड़े, भूपेन्द्र साहू द्वारा समिति के अवध राजवाड़े, संजय राजवाड़े, भीम सेन, खम्मीत राजवाड़े, संतोष, सुखदेव, भागीरथी राजवाड़े, पुष्पेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित सदस्यों को सौंपा गया।



### पशु स्वास्थ्य शिविर में किया गया 1857 मवेशियों का उपचार

**बिहारपुर**। वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुओं के विभिन्न रोगों का उपचार किया गया तथा पशुपालकों को पशुओं की देखभाल के बारे में बताया गया। शिविर में पशु की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण किया किया। डॉ.केएम यादव ने पशुपालकों को पशुओं के संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, और उचित देखभाल के बारे में जानकारी दी। शिविर में 237 किसानों के 1234 गाय एवं बैल, 45 भैंस, 1575 बकरियों और 216 पोल्ट्री पक्षियों का उपचार किया गया।





## नवीन महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

**लखनपुर**। शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर में शनिवार को जिला रोजगार कार्यालय सरगुजा के तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों एवं आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार मेला की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ उप संचालक रोजगार एसपी त्रिपाठी रोजगार अधिकारी ललित कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को रोजगार से जुड़ी योजनाओं, कैरियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यशाला का संयोजन एवं मंच संचालन सहायक प्राध्यापक प्रेमचंद यादव ने किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## 20 माइनिंग अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल कम्पनी मुख्यालय ने शनिवार 30 अगस्त को नया आदेश जारी कर विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 20 माइनिंग अधिकारियों को नई पदस्थापना दी है।

- प्रभारी जीएम बिश्रामपुर का पदभार संभाल रहे डॉ संजय सिंह अब होंगे क्षेत्र के स्थाई जीएम
- भटगांव जगन्नाथपुर ओसीएम में पदस्थ गिरीश कुमार रॉय होंगे नये जीएम ऑपरेशन बिश्रामपुर

जारी आदेश में पिछले करीब साढ़े चार माह से बिश्रामपुर क्षेत्र में अस्थाई तौर पर प्रभारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल रहे डिप्टी जीएम डॉ संजय कुमार सिंह को अब बिश्रामपुर क्षेत्र का स्थाई महाप्रबंधक नियुक्त कर दिया गया है,इसके अलावा डिप्टी जीएम के तौर पर एक अनुभवी अधिकारी गिरीश कुमार रॉय को बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ किया है।गिरीश कुमार रॉय भटगांव के जगन्नाथपुर ओसीएम में बतौर सब एरिया मैनेजर का दायित्व निभा रहे थे।जारी आदेश अनुसार शारदा सोहागपुर सब एरिया मैनेजर अमरेश पाण्डेय अब मुख्यालय में डीटी पी एंड पी के ओएसडी नियुक्त किए गए हैं।

ओम प्रकाश अटल मैनेजर बरोद रायगढ़ क्षेत्र बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किए गए हैं,मयंक वर्मा मैनेजर गेवरा को जगन्नाथपुर भटगांव ओसीएम का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है,संजय कुमार मैनेजर विजय वेस्ट चिरिमिरी को को सब एरिया मैनेजर चर्चा भूमिगत खदान बैकुंठपुर नियुक्त किया गया है, वहीं जितेंद्र कुमार ई 7 चर्चा बैकुंठपुर से शारदा सोहागपुर एरिया का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है, रविशंकर त्रिपाठी सबएरिया मैनेजर मदननगर को भटगांव यूजी के सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है,शाहबाज अहमद मैनेजर कुसमुंडा को एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा नियुक्त किया गया है,देवेंद्र कुमार दीपका ओसी से सब एरिया मैनेजर छुराकछार बल्गी एंड बांकी कोरबा एरिया नियुक्त किया गया है,सनातन कुमार त्रिपाठी मैनेजर बारतराई से मैनेजर जमुना 9-10 जमुना कोतमा एरिया नियुक्त किया गया है, राकेश कुमार को गेवरा ओपन कास्ट का मैनेजर नियुक्त किया गया है,अनिल कुमार को मैनेजर बरतराई जमुना कोतमा एरिया की जिम्मेदारी दी गई है,रवि नारायण पाढ़ी मैनेजर सराय पाली अब एसओ माइनिंग कोरबा का कार्य देखेंगे,मनोज कुमार दीपका से मैनेजर सराय पाली कोरबा, डीपी जायसवाल कुसमुंडा से मैनेजर मानिकपुरी कोरबा एरिया, बीके नायक को मैनेजर बरोद रायगढ़ क्षेत्र, कैलाश चंद बाल को मैनेजर कुसमुंडा, नंद किशोर मीना मैनेजर विजय वेस्ट चिरिमिरी, अमर साहू असिस्टेंट मैनेजर को बैकुंठपुर से कोरबा क्षेत्र स्थानांतरित किया गया है।

## जनपद सीईओ सहित उपाध्यक्ष पहुंचे आदिवासी सुदूर अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सुदर्शन भगत सहित जनपद पंचायत कुसमी के उपाध्यक्ष अशोक सोनी एवं सब इंजीनियर सहित समस्त तकनीकी सहायक विकासखंड के सुदूर आदिवासी अंचल ग्राम पंचायत चुनचुना, पुनदाग, सबाग सहित अन्य ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों के प्रधान मंत्री जन मन आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवास, निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित शासन द्वारा दिए जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी लेने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही अन्य विकास कार्यों की ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव से जानकारी ली गई।

- शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं के संबंध में ली जानकारी

शासन द्वारा चलाए जा रहे प्रधान मंत्री जन मन आवास के कार्यों को जल्द से जल्द समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिए। आज के इस सुदूर आदिवासी अंचल में एक दिवसीय दौरा में ग्राम पंचायत में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सुदर्शन भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, सब इंजीनियर अमरेश यादव, तनुज अंबष्ट, तकनीकी सहायक विद्या चरण यादव, ब्रिज किशोर सहित जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी के साथ साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टीपी नगर में ननि कर्मचारी ने किया कब्जा, की गई कार्रवाई

**अंबिकापुर**। शहर के टीपी नगर में नगर निगम की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ननि ने कार्रवाई की है। ननि की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर एक अवैध गुमटी को जब्त करने के साथ ही एक मकान व एक अहाता को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही भविष्य में अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बड़ी बात तो यह है कि जिन लोगों ने ननि की जमीन पर अतिक्रमण किया उसमें एक नगर निगम का कर्मचारी भी शामिल था। ऐसे में लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

- पार्षद की शिकायत के बाद हटाए गए तीन अतिक्रमण



बता दें कि शहर के टीपी नगर कदम पारा में नगर निगम की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। सावित्री नाम की एक महिला ने अपने घर के बगल में ननि की जमीन पर अतिक्रमण कर एक कमरे का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही ननि के एक कर्मचारी द्वारा ननि की जमीन पर कब्जा करते हुए बाउंड्री वाल का निर्माण करने के साथ ही शेड लगा लिया था। इस अवैध अतिक्रमण की शिकायत लोगों ने वार्ड पार्षद सलीम केरकेट्टा से की थी। पार्षद की पहल पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन लगातार तीन महीने तक चेतावनी दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा रातो रात गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया था जिससे लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को पार्षद की शिकायत के बाद आयुक्त के निर्देश पर ननि की उड़नदस्ता टीम प्रभारी अखिलेश प्रभारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची जिसके बाद ननि कर्मचारी और महिला के अवैध निर्माण को हटाया गया इसके साथ ही गुमटी को जब्त किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार गुप्ता व्याख्याता आत्मानंद स्कूल चेंद्रा, रचित कुमार मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता अंबिकापुर व नितेश कुमार अंबिकापुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डीपी कोरी ने की, संस्था के प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी डी पी कोरी ने स्वागत उद्बोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना से लेकर प्रशासनिक ढांचे को विधिवत बताया गया तथा सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया गया कि महाविद्यालय एवं देशहित में अपने कर्तव्य का पालन करें। प्राचार्य ने इस दौरान स्व रचित कविता का पाठ कर स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया, मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार गुप्ता ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के एबीसी प्रमाण पत्र के महत्व उद्देश्य एवं कर्तव्य को रेखांकित किया गया, उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवक कदम मिलाकर महाविद्यालय के हित में कार्य करें और अपने जीवन को उज्जवल बनायें,रचित कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित परीक्षा परिणाम के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के द्वारा द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा ,अंत में महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य ने अपने रचित कविता के संग्रह की किताब उपस्थित अतिथियों को भेंट की,कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार निशांत मिंज अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र के द्वारा किया गया।






# टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्हें 'भजरंगी' और 'वेधा' जैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बावजा भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'बागी 4' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज का खौफनाक अवतार दिख रहा है। सामने आए पोस्टर में संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज को खून से लथपथ देखा जा सकता है। 'बागी 4' का ट्रेलर रिलीज हुआ, वहीं यह फिल्म 5 सितंबर को दर्शकों

लाइफ Style



# कंगना

## 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुटीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है।

अभिनेत्री कंगना रनौत को पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में कंगना एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करती नजर आएंगी, जिसमें 'क्वीन' का सीक्वल और 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त शामिल हैं। अब 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' को लेकर धांसू अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है। इसकी शूटिंग भारत और विदेशों में होगी। 'क्वीन' के सीक्वल की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'क्वीन 2' की शूटिंग खत्म करने के बाद कंगना फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम करने वाली हैं। इस फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है। आनंद एल राय इस फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें कंगना के साथ एक बार फिर अभिनेता आर माधवन नजर आएंगे।

हॉलीवुड मसाला



# जोली की बेटी ने छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं। हाल ही में बेटी ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेटी शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें।



# कौन हैं रैपर फ्रेंच की मंगेतर और दुबई की राजकुमारी शेखा

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्को-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना पिछले काफी समय से अपनी निजी जिदंगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनका नाम लगातार दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा से जुड़ रहा है। अब आखिरकार मोंटाना ने अपनी गर्लफ्रेंड शेखा से सगाई कर ली है। रैपर के प्रतिनिधि ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। मोंटाना और शेखा ने इस साल जून में पेरिस फैशन वीक के दौरान एक-दूजे को अंगूठी पहनाई।

***शेखा माहरा कौन हैं?*** : माहरा संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। उनका जन्म 26 फरवरी, 1994 को दुबई में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दुबई के एक निजी स्कूल से की। इसके बाद वह लंदन चली गईं, जहां से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिग्री हासिल की। 31 वर्षीय शेखा समाजसेवा और परोपकारी कार्यों के लिए जानी जाती हैं।



# 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आने वाली वेब सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान अर्चित कुमार और कॉलिन डी कुन्हा ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं। 'डू यू वाना पार्टनर' में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब निर्माताओं ने इस सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तमन्ना और डायका बेबाक अंदाज दिख रहा है।

'डू यू वाना पार्टनर' एक नए दौर की मजेदार और अनोखी कॉमेडी-ड्रामा है, जिसकी कहानी दो सहेलियों- शिखा (तमन्ना भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों मिलकर अपना अल्कोहल स्टार्टअप शुरू करने का सपना देखती हैं।



# 'हाटक' से सामने आई पहली झलक...

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा को पिछली बार फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी।

अब अदा क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हाटक' में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान अजय के शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। आखिरकार 'हाटक' से अदा की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। 'हाटक' के मोशन पोस्टर में अदा हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके किरदार का नाम शिवरंजनी आचार्य है। अदा ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा- 'हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए।'

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': कौन हैं कुनिका सदानंद जिनके समर्थन में उतरीं गौहर खान

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही झगड़े और तकरार देखने को मिल रहे हैं। 'बिग बॉस 19' के घर में एक ऐसी प्रतियोगी हैं, जिनसे हर किसी की बहस हो जाती है और वो हैं कुनिका सदानंद। अब 'बिग बॉस 7' की विजेता गौहर खान ने कुनिका का समर्थन किया है।

## वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं : गौहर

जौहर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, 'कुनिका सदानंद के लिए बुरा लग रहा है। सब लोग बदतमीजी करके चले जाते हैं। वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं। थोड़ी दया करो... मुझे लगता है कि हर कोई उनके लहजे को गलत समझ रहा है। गौहर के अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स भी कुनिका का समर्थन कर रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

## गायिका भी हैं कुनिका

कुनिका एक भारतीय अभिनेत्री, अधिवक्ता, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह एक गायिका भी हैं। उन्होंने 1996 में 'लाखों में एक' और 2002 में 'कुनिका' नामक पॉप एल्बम जारी किए थे। इसके अलावा कुनिका ने साल 2006 में अपना तीसरा एल्बम 'जूमबिश' रिलीज किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। कुनिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 28 साल की उम्र में 1988 में आई एक हॉरर हिंदी फिल्म 'कब्रिस्तान' से की थी।

## कुनिका ने इन फिल्मों में किया काम

कुनिका ने 'किंग अंकल', 'कोहरा', 'आ गले लग जा', 'बाजी', 'लोफर', 'फरेब', 'हम साथ साथ हैं' और 'फगली' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 'बेटा', 'गुमराह' और 'खिलाड़ी' जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई हैं। कुनिका की 2 शादियां हुई हैं। उनकी पहली शादी अभय से हुई थी, जिससे उनका एक बेटा अरिहंत है। उनकी दूसरी शादी श्री लाल से हुई थी। बता दें कि कुनिका का नाम गायक कुमार सानू से भी जुड़ चुका है।

# तेजा सज्जा की 'मिराई' अगले माह होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता तेजा सज्जा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिराई' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस एक्शन एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान कार्तिक गट्टामनेनी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मिराई' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तेजा जबरदस्त एक्शन करते दिख रहे हैं।



## 12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'मिराई' में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे। बता दें कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस हिंदी बाजार में इस फिल्म को रिलीज करेगी, जिससे फिल्म को ज्यादा दर्शक और स्क्रीन्स मिलने की उम्मीद है।

# पांच गायकों की दास्तान : बॉलीवुड के सबसे अमीर गायक, दिल को छू जाती है जिनकी आवाज

**मुंबई।** कोई भी बॉलीवुड फिल्म बिना गानों के पूरी नहीं हो सकती, जो उसे और मनोरंजक बना देते हैं। इन गानों को आवाज देने वाले गायक अपनी प्रतिभा से सभी को अपना मुरीद बना लेते हैं। भारत में कई कुशल गायक हैं, जिनकी आवाज कानों से होते हुए सीधा दिल को छूती है। इन सभी ने न केवल लोगों का प्यार, बल्कि करोड़ों की संपत्ति भी कमाई है। आइए बॉलीवुड के 5 सबसे अमीर गायकों के बारे में जानते हैं।

**एआर रहमान** : एआर रहमान का नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है, जो कि सबसे मशहूर गायक और संगीतकार हैं। वह न केवल हिंदी, बल्कि तमिल और मलयाली समेत 12 भाषाओं में गाने बना चुके हैं। उन्होंने अब तक 2,000 से ज्यादा गाने बनाए हैं और 100 से ज्यादा को आवाज दी है। रहमान की 20 करोड़ से ज्यादा एल्बम बिक चुकी हैं। इन सबकी बदौलत आज वह 1,700 करोड़ से 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक बन गए हैं।

**अरिजीत सिंह** : अरिजीत सिंह को संगीत का पर्याय माना जाता है, जिनकी रूहानी आवाज भावुक कर देती है। वह इस सदी के सबसे पसंदीदा गायक हैं, जो बॉलीवुड के दूसरे सबसे अमीर गायक भी हैं। उनकी प्रसिद्धि का अंदाजा



इस बात से लगाया जा सकता है कि वह स्पॉटिफाई पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले कलाकार हैं। अरिजीत ने अपनी प्रतिभा के जरिए 414 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसके बावजूद भी वह साधारण जीवन जीते हैं।

**सोनू निगम** : जब भी बॉलीवुड के गायकों की बात होती है, सोनू निगम का नाम आना लाजमी है। वह देश के सबसे बेहतरीन गायकों में से एक हैं, जो शास्त्रीय संगीत में भी पारंगत हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में गाना शुरू किया था और आज उनके जैसा बहुमुखी गायक कोई और नहीं है। 'अच्छा सिला दिया' गीत ने उन्हें पहचान दिलाई, जिसके बाद उन्होंने एक के बाद एक हिट गाने गए। उनकी कुल संपत्ति 370 करोड़ रुपये है।

**तुलसी कुमार** : टी सीरीज के मालिक स्वर्गीय गुलशन कुमार की बेटी तुलसी कुमार बॉलीवुड की सबसे अमीर महिला गायक हैं। वह बतौर रेडियो जॉकी भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने 2006 में 'मोहब्बत के' गाने से करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्हें कई हिट गानों को आवाज देने का मौका मिला। तुलसी के 'तुम जो आए', 'हम मर जाएंगे' और 'तेरा बन जाऊंगा' जैसे गाने बेहद प्रसिद्ध हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति 210 करोड़ रुपये है।

**श्रेया घोषाल** : 'सुरों की रानी' कहलाई जाने वाली श्रेया घोषाल किसी पहचान की मोहताज नहीं। उनकी सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोल देती है और दिल जीत लेती है। वह अपने करियर के दौरान 20 से अधिक भाषाओं में 3,000 से ज्यादा गाने गा चुकी हैं। श्रेया ने कई पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर शामिल हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि अपनी प्रतिभा के जरिए वह 200 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन बन गई हैं।

## जबरिया जोड़ी' ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपए की कमाई की थी

# सिद्धार्थ को 'परम सुंदरी' से बढ़ीं उम्मीदें, पिछली 5 फिल्मों का ऐसा रहा रिपोर्ट कार्ड

*__मुंबई।__ काफी समय से सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार जाहनवी कपूर के साथ बनी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धमाकेदार रहेगी। इसी कड़ी में आइए हम आपको सिद्धार्थ की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।*

**'अय्यारी'** : शुरुआत करते हैं साल 2018 में आई फिल्म 'अय्यारी' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें सिद्धार्थ के अलावा मनोज बाजपेयी, रकुल प्रीत सिंह, नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म की कहानी लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'अय्यारी' ने दुनियाभर में केवल 30.59 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**'जबरिया जोड़ी'** : साल 2019 में सिद्धार्थ फिल्म 'जबरिया जोड़ी' लेकर आए थे। फिल्म में उनकी जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी थी। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसका बजट 30 करोड़ रुपये था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।



**'योद्धा'** : पिछली बार सिद्धार्थ फिल्म 'योद्धा' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 53.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसको बनाने में 55 करोड़ रुपये लगे थे। राशि खन्ना और दिशा पाटनी ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया था। फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

***'मरजावां'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'मरजावां' को 15 नवंबर, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें रितेश देशमुख, रकुल प्रीत सिंह और तारा सुतारिया जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया था। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। 'मरजावां' ने दुनियाभर में 62 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को बनाने में 50 करोड़ रुपये लगे थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।*

***'थैंक गॉड'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'थैंक गॉड' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। 70 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'थैंक गॉड' ने दुनियाभर में केवल 48.99 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*

**खबर संक्षेप**

### रजत जयंती पर पुस्तक वाचन कार्यक्रम



**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती दिवस मनाया जा रहा है। इस संदर्भ में घरघोड़ा स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा मे शिक्षिकों ने छात्राओं पालकों की उपस्थिति का संयोजन करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा एवं विकासखण्ड स्रोत समन्वयक मनोज प्रधान के मार्गदर्शन मे स्कूली छात्राओं एवं पालकों की उपस्थिति में वृहद रूप से सामूहिक पुस्तक वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं पालकों ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम मे विविध प्रकार की पुस्तकें रखी गई थी जिसका लाभ छात्रों को मिला द्य अखिलेश मिश्रा ने इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं सहित पालकों को कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने रजत जयंती कार्यक्रम के सु अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति इतिहास से छात्राओं को एवं राज्य मे हुए शैक्षणिक विकास से अवगत कराया। उन्होंने साथ मे राज्य द्वारा विद्यालय स्तर पर संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर शिक्षण सत्र 2025-26 मे शालेय स्तर पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### फसल पर संकट, खाद के अभाव से किसान परेशान

**घरघोड़ा।** खरीफ सीजन के बीच घरघोड़ा क्षेत्र के किसानों के लिए हालात गंभीर होते जा रहे हैं। धान की रोपाई के बाद खेतों में खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में यूरिया और डीएपी का टोटा बना हुआ है। मजबूरी में किसान निजी दुकानों से खाद खरीद रहे हैं, वह भी कई गुना महंगे दामों पर। इससे खेती की लागत इतनी बढ़ गई है कि किसान की कमर टूटने लगी है। किसानों की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा आज एसडीएम कार्यालय पहुंची और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही से अन्नदाता समय पर खाद से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई तो हजारों किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद की हैं। मामला 22 अगस्त का है जब कोडातराई बस स्टैण्ड निवासी सतीश चौधरी की बाइक घर के सामने से अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। माल.मुलजिम की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बोईरदादर चक्रधरनगर निवासी देवराज सिदार पिता बृजलाल सिदार, मूल निवासी नावापारा मडवा थाना चंद्रपुर जिला सक्ती को हिरासत में लिया।

## लोकगीतों से सजाया मंच, भक्ति और संस्कृति से सराबोर हुआ रायगढ़

# छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका आरू की सुरमयी प्रस्तुति से देर रात तक झूमते रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर समारोह के तीसरे दिन संगीत की विभिन्न विधाओं की झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। उनके देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रोता झूमते रहे। तबला वादक योगेश शम्सी ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सारंगी के साथ उनके तबले की संगत ने माहौल में एक रूहानी मिठास घोल दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय बाल कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी कड़ी में रायगढ़ की प्रतिभावान कलाकार कुमारी नव्या सिंह ने मंच पर कथक की विविध विधाओं की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। बाल कलाकार सुश्री कृष्णवी सिंह और अविका मोटवानी ने अपनी मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भवप्रीता डांस एकेडमी रायगढ़ ने अपनी और ऊर्जावान प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दक्षिण भारत की शास्त्रीय परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हुए बेंगलुरु की गुरु श्रीमती बाला विश्वनाथ ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। वहीं जबलपुर (मध्यप्रदेश) से पहुंचे संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की टीम ने अपनी ऐतिहासिक नृत्य नाटिका से दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया। छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग, पर्यटन मंडल एवं जनसहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चक्रधर समारोह के तीसरे दिन कला, संस्कृति और परम्परा का जीवंत संगम देखने को मिला।






### संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की टीम द्वारा दी गई नाटिका की जीवंत प्रस्तुति

जबलपुर (मध्यप्रदेश) से पहुंचे संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की टीम ने अपनी ऐतिहासिक नृत्य नाटिका से दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया। नाट्य विधा प्रमुख कमलेश यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य नाटिका समारोह का आकर्षण का केंद्र बनी। मंचन में रानी दुर्गावती के जन्म से लेकर विवाह और मुगल साम्राज्य के विरुद्ध उनके शौर्यपूर्ण संघर्ष को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वीरांगना की अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को कलाकारों ने अपनी सजीव भाव-भंगिमाओं और भावपूर्ण संवादों के माध्यम से इस तरह चित्रित किया कि दर्शकगण भाव-विभोर हो उठे। नृत्य, संगीत और नाट्य का अद्भुत संगम इस प्रस्तुति में दिखाई दिया। विशेष रूप से युद्ध के प्रसंग और रानी की वीरता के दृश्यों ने दर्शकों में देशभक्ति और गौरव की भावना का संचार किया।

### गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति और शिव पंचाक्षर स्त्रोत में अंजली ने किया कथक का प्रदर्शन

रायपुर की प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना सुश्री अंजली शर्मा ने अपनी नृत्य प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति और शिव पंचाक्षर स्त्रोत पर आधारित कथक की भावपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही तिहाई और तोड़े-टुकड़ों की बारीक पेशकश ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। उनकी प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति की गहराई और शास्त्रीय नृत्यकला की समृद्ध परंपरा का सजीव दर्शन हुआ। बता दे कि सुश्री अंजली शर्मा पिछले 12 वर्षों से शास्त्रीय कथक का अभ्यास कर रही हैं और अब तक देशभर के 50 से अधिक मंचों पर अपनी प्रस्तुतियाँ दे चुकी हैं। उनकी नृत्य शैली में भाव, ताल और लय का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो दर्शकों के हृदय को गहराई तक स्पर्श करता है। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया है और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सम्मान अर्जित किया है। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया आनंदित

बेंगलुरु से पहुंची भरतनाट्यम गुरु श्रीमती बाला विश्वनाथ और उनकी टीम ने मंच पर दक्षिण भारत, तमिलनाडु के भरतनाट्यम की भव्य प्रस्तुति दी। भाव-भंगिमाओं और सधी हुई मुद्राओं से सजे इस नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को आनंद और सौंदर्य का अद्भुत अनुभव कराया। श्रीमती बाला विश्वनाथ और उनकी टीम द्वारा आज चक्रधर समारोह में भगवान शिव, मां दुर्गा, मां महिषासुर मर्दानी की स्तुति पर आधारित भक्तिमय प्रदर्शन से लोगों को भाव विभोर किया। श्रीमती बाला विश्वनाथ और उनकी टीम ने भरतनाट्यम की परंपरागत शैली में विभिन्न रचनाओं को प्रस्तुत किया। नृत्य की लय, गति और भाव-प्रदर्शन ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गहराई से जोड़ दिया। मंच पर जब एक-एक भाव और मुद्रा सजीव हुई तो पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। गौरतलब है कि श्रीमती बाला विश्वनाथ और उनकी टीम ने भरतनाट्यम की प्रस्तुतियों से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी कला ने विभिन्न मंचों पर भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को बढ़ाया है। गुरु श्रीमती बाला विश्वनाथ दूरदर्शन की ग्रेडेड कलाकार हैं। उदया टी वी, जया टी वी, चंदन टी वी आदि दक्षिण भारतीय चैनलों पर उनके नृत्य कार्यक्रम निरंतर प्रसारित होते हैं। ऐसे कला निपुण कलाकार भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य की परंपरा को आगे बढ़ाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। दर्शकों ने भी इस अद्भुत प्रस्तुति को अविस्मरणीय बताते हुए मुक्तकंठ से प्रशंसा की। तीसरे दिन की यह संध्या निश्चित रूप से 40वें चक्रधर समारोह के इतिहास में आज एक सुनहरा अध्याय बनकर दर्ज हुई।



### भवप्रीता डांस एकेडमी ने प्रस्तुतियों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के मंच पर आज भवप्रीता डांस एकेडमी रायगढ़ ने अपनी गरिमामयी और ऊर्जावान प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश स्तुति एवं यशकीर्ति से हुई, जिसके पश्चात दर्शकों ने भोले बाबा के आनंद तांडव का अद्भुत आनंद लिया। विशेष आकर्षण रहा अनंता पाण्डेय का शानदार 25 चक्कर जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकृष्ट किया। अनंता पाण्डेय, जो बारहवीं कक्षा की छात्रा हैं, पिछले छह वर्षों से नृत्य के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे राष्ट्रीय मंचों पर कई पुरस्कार जीत चुकी हैं, जिनमें कटक नेशनल डांस फेस्टिवल, जयपुर नेशनल कॉम्पीटिशन, अहमदाबाद नेशनल डांस फेस्टिवल, दिल्ली नेशनल डांस फेस्टिवल और काशी अस्सी घाट अंतरराष्ट्रीय डांस महोत्सव प्रमुख हैं। अनंता न केवल एक नृत्यांगना हैं, बल्कि क्रिकेट, बास्केटबॉल और ताइक्वांडो में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। वहीं ऑजनेय पाण्डेय, जो ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में बीबी, अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं, ने भी अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर किया। वे चक्रधर समारोह 2023 के साथ-साथ काशी अस्सी घाट अंतरराष्ट्रीय आयोजन और ओपी जिंदल टेक्नो नेशनल फेस्टिवल में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। भवप्रीता डांस एकेडमी की स्थापना वर्ष 2020 में हुई थी और आज यह संस्था सैकड़ों बच्चों को नृत्य, फोक, वेस्टर्न, हिप-हॉप, स्टंट, सेल्फ-डिफेंस और पर्सनालिटी डेवलपमेंट की शिक्षा दे रही है। नृत्य निर्देशन एवं कोरियोग्राफी दिव्या साकेत पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में आँजनेय पाण्डेय, सौम्या भारती, संस्कृति दुबे, सिया दुबे, सजदीप सलूजा, शौर्य मिश्रा, देवांशी ठेठवार, आशिता गुप्ता, चारु खिलवानी, प्रिंसेस कुमारी और अनंता पाण्डेय शामिल रहे।

### रायगढ़ की बाल कलाकार नव्या ने कथक में दी मनमोहक प्रस्तुति

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह का तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय बाल कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी कड़ी में रायगढ़ की प्रतिभावान कलाकार कुमारी नव्या सिंह ने मंच पर कथक की विविध विधाओं की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। उनकी सुन्दर भाव-भंगिमाएँ, सधे हुए पदचाप और नृत्य लय की लयबद्धता ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। नव्या सिंह ने नागेंद्र हराये... और मैया मोरी, मैं नहीं माखन खायो... जैसे गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति और नृत्यकला का अनोखा संगम दर्शाया। बता दे कि कुमारी नव्या सिंह आयात कथक डांस एकेडमी रायगढ़ में अपनी गुरु तब्बू परवीन से कथक की शिक्षा प्राप्त कर रही। कुमारी नव्या सिंह कई बड़े मंचों में कथक नृत्य का प्रस्तुति भी दे चुकी है। 02 सितंबर को प्रणवम में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी होने वाली है। उनकी प्रस्तुति के दौरान दर्शकदीर्घा तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठी। उपस्थित दर्शकों ने इस युवा कलाकार की प्रतिभा और साधना को सराहते हुए उत्साहवर्धन किया।

### बाल कलाकार कृष्णवी व अविका की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

बाल कलाकार सुश्री कृष्णवी सिंह और अविका मोटवानी ने अपनी मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल प्रतिभा के रूप में मंच पर उतरी वैष्णवी ने अपनी भाव-भंगिमा, नृत्य की लय और सधी हुई ताल से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित जनसमूह तालियों की गडगड़ाहट से सभागार गुंजायमान करता रहा। कार्यक्रम में वैष्णवी ने कत्थक की परंपरागत बंदिशों और भावपूर्ण मुद्राओं के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी नन्ही उम्र में दिखाई दी परिपक्वता और नृत्य की निपुणता देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। दर्शकों ने बार-बार तालियों की गूँज से उनका उत्साहवर्धन किया। बाल कलाकार के इस अद्भुत प्रदर्शन जैसी प्रतिभाएँ ही भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं। समारोह में बड़ी संख्या में कला-प्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कत्थक नृत्य की यह शानदार प्रस्तुति निश्चित ही चक्रधर समारोह के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण रही। सुश्री कृष्णवी सिंह और अविका मोटवानी अभी कत्थक की शिक्षा -गुरु तब्बू परवीन से प्राप्त कर रही है। कृष्णवी और अविका वर्तमान में कक्षा तीसरी में पढ़ाई कर रही है । इनकी रुचि बचपन से ही नृत्य में रही है। इन्होंने कलावत 2024, नाद मंजरी 2025, नटरंग 2025, चक्रधर समारोह (ग्रुप डांस) 2024, कलासंगम 2024, कौशल महोत्सव 2024, नाट्य नर्तन 2024, सरस मेला 2025 जैसे बड़े मंचों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) पर नृत्य प्रस्तुत किया है।

### भक्ति व संस्कृति से रायगढ़ सराबोर

छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू ने अपनी मधुर आवाज़ और मनमोहक प्रस्तुतियों से ऐसा संगीतमय वातावरण बनाया कि दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश की वंदना से हुआ। इसके बाद आरू साहू ने हे मईया झुप-झूप महु ला नचाई दे, मेरे राम आएंगे, सुवा, गौरी-गौरा, राउत नाचा.. मटकी म बासी और चुटकी म नून और बस्तरिया जैसे पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण लोक-सुगंध से भर उठा। वहीं हरे रामा, हरे कृष्णा, जो भी दिल से पुकारे दिल से तुझको, उसकी विपदा पल में कटी... सेवा में बाग लगाए हो मां जैसे भक्ति गीतों ने समारोह को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। दर्शकों ने जय-जौहार और तालियों की गूंज से आरू साहू का स्वागत किया। उनके साथी कलाकारों ने भी बजरंग बली गली-गली में नाम हे.. और अन्य भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बता दे कि धमतरी जिले की बेटी आरू साहू ने अपने जीवन की शुरुआत से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि दिखाई। आरू ने मात्र 11 वर्ष की उम्र में ईटीवी भारत जैसे मंच पर प्रस्तुति देकर सबका ध्यान आकर्षित किया।

### पं. शम्सी ने तबले की थाप से बांधा समा, बिखेरा कला का जादू

देश के सुप्रसिद्ध तबला वादक पंडित योगेश शम्सी और उनके साथी कलाकार की सारंगी की जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में पंडित योगेश शम्सी ने अपनी उंगलियों के जादू से तीन ताल की लयकारी प्रस्तुत की। वहीं, उनके साथी कलाकार ने सारंगी की दिल छू लेने वाली धुनों से समारोह में एक मधुरता घोल दी। तबले और सारंगी का यह अनोखा मिलन समारोह को उत्साह और ऊर्जा से भर गया। कलाकारों की इस अद्भुत प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। समारोह स्थल में दर्शकों ने जोरदार तालियों की गडगड़ाहट से कलाकारों का अभिनंदन किया। पं. योगेश शम्सी का जन्म संगीत घराने से जुड़ा है। उनके पिता प्रख्यात गायक पं. दिनकर कैकिनी थे। उन्होंने बचपन से ही पंडित एच.तारानाथ राव से तबला सीखना आरम्भ किया। तद्दोपरांत उन्होंने देश के महान तबला वादक उस्ताद अल्लारखा खाँ से शिक्षा प्राप्त की और 23 वर्षों तक लगातार उनके साथ संगति की। पं.शम्सी ने देश के प्रख्यात तबला वादक उस्ताद विलायत खां, पंडित शिवकुमार शर्मा, पं. हरिप्रसाद चौरसिया, उस्ताद राशिद खान, पं. भीमसेन जोशी सहित देश के दिग्गज कलाकारों के साथ मंच साझा किया है। साल 2017 में उन्हें तबला वादन के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंडित योगेश शम्सी ने हिंदुस्तान के पंजाब घराने से ताल्लुक रखते है। उनकी संगत हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के हर मंच पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। उनकी संगत में उत्साह, जोश, लयकारी और निखार श्रोताओं को अद्भुत अनुभूति प्रदान करती है। पिछले 34 वर्षों से पं.शम्सी तबला वादन की साधना में निरंतर सक्रिय हैं और अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का जादू बिखेरते आ रहे हैं। चक्रधर समारोह के मंच पर जब उन्होंने तबले की थाप से समां बांधा तो समारोह स्थल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा।

# सरिया में विश्व दरबार अपेरा का भव्य आयोजन

**सरिया।** सरिया पंचधार में उड़ीसा के प्रसिद्ध नाटक अपेरा जात्रा विश्व दरबार का शुक्रवार रात 11 बजे विधिवत उद्घाटन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगनाथ पाणिग्राही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक ने संयुक्त स्वरूप से फीता काट कर किया। साथ ही उड़ीसा अपेरा नाटक के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किए गए ओडिसी नाटक का आनंद भी उठाया।

मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगनाथ पाणिग्राही ने कहा कि नाटक संस्थाएं हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। नाटकों के माध्यम से हमें नई सीख मिलती है। कला संस्कृति व परंपरा की हमारी पहचान है। इसे सशक्त बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए ग्राम पंचायत पंचधार के युवाओं की टीम को बधाई दी तथा हर समय सहयोग का आश्वासन दिया। नाटक के कलाकारों ने भी नाटक के दौरान लोगों से अपनी परंपरा को नहीं भूलने का संदेश दिया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आधुनिकता की दौड़ में सामाजिक मूल्य, मान्यता, परंपरा व संस्कारों को नहीं भूलने की सीख दी।

# ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल बोर्ड की सोच रखना बड़ी बात है : राधेश्याम

**रायगढ़।** आप सब लोगों ने मुझे रायगढ़ क्षेत्र का सांसद चुना है इस नाते मुझे क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयास करते रहना है मैं जब पिछले बार इस विद्यालय में आया था तब आप लोगों ने डिजिटल बोर्ड की मांग की थी और हमने उसके लिए राशि प्रदान किया यह कोई बड़ी बात नहीं है किन्तु कटाईपाली सी एक वनांचल क्षेत्र में स्थित होते हुए भी यहां के प्राचार्य और स्टॉफ ने बच्चों के लिए डिजिटल बोर्ड के लिए सोचा यह बहुत बड़ी बात है जिसकी मैं सराहना करता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल इंडिया की बात करते हुए देश को डिजिटलाइजेशन की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में यह प्रयास बहुत ही अच्छा और प्रशंसनीय है।



हमने कक्षा में बच्चों से बात की बच्चे बहुत खुश थे इसके लाभ को बताते हुए बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बता रहा था कि यह कितना सार्थक पहल है। उक्त उद्गार रायगढ़ लोक सभा के सांसद राधेश्याम राठिया ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में आयोजित डिजिटल बोर्ड उद्घाटन एवम् प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया। आगे उन्होंने कहा कि इसका आप भरपूर लाभ उठाएं अच्छा पढ़ाई करें और अपने कक्षा की पढ़ाई के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी ध्यान दें। जिससे आपका यह क्षेत्र और आगे बढ़े। आगे कहा कि शेष दो कक्षों के लिए भी बच्चों ने डिजिटल बोर्ड की मांग की है।

# सरसींवा में एनडीआरएफ का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

दुली चंद जालान कॉलेज और स्थानीय मंगल भवन में आज आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) की तीसरी बटालियन, मुंडली ओडिशा की टीम ने इसमें भाग लिया और छात्र-छात्राओं के साथ ही स्थानीय युवाओं व लोगों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक गुर सिखाए।

कॉलेज परिसर में आयोजित सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने भूकंप, बाढ़, आगजनी और सड़क दुर्घटनाओं जैसी परिस्थितियों से निपटने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर स्ट्रेचर का उपयोग, प्राथमिक उपचार और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का डेमो भी कराया गया। छात्रों को खुद भी अभ्यास करने का अवसर मिला ताकि वे आपात स्थिति में तुरंत मददगार बन सकें। प्रशिक्षकों का कहना था कि ऐसे प्रशिक्षण से युवाओं में आत्मविश्वास और तत्परता दोनों बढ़ती है और समय रहते कदम उठाकर कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। कॉलेज प्रबंधन ने भी इस पहल का स्वागत किया।

## एनेस्थीसिया तकनीक से मरीज का किया सफलतापूर्वक ऑपरेशन

# मेडिकल कॉलेज ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के तरक्की और सुशासन के सफर में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विस्तार लगातार हो रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। इसी दिशा में स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ निरंतर अपनी सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिष्ठाता डॉ. विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में थोरैसिक एपिड्यूरल ब्लॉक एनेस्थीसिया तकनीक के माध्यम से एक मरीज का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। एनेस्थीसिया विभाग ने आधुनिक एनेस्थीसिया तकनीक की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 48 वर्षीय महिला, जिन्हें स्तन कैंसर का पता चला था, मॉडिफाइड रेडिकल मास्टेक्टॉमी एवं लिम्फ नोड डिसेक्शन सफलतापूर्वक किया गया। यह जटिल ऑपरेशन बिना जनरल एनेस्थीसिया के केवल थोरैसिक एपिड्यूरल ब्लॉक तकनीक से संपन्न हुआ जो एक उन्नत और सुरक्षित एनेस्थीसिया पद्धति है।



### क्या है थोरैसिक एपिड्यूरल ब्लॉक

यह एक रीजनल एनेस्थीसिया तकनीक है, जिसमें पीठ के ऊपरी भाग में दवा दी जाती है। जिससे शरीर के संबंधित हिस्से को सुन्न किया जाता है। इस प्रक्रिया में मरीज को पूरी तरह बेहोश नहीं किया जाता बल्कि मरीज होश में रहते हैं, बातचीत कर सकते हैं और स्वयं सांस ले सकते हैं। इससे जनरल एनेस्थीसिया से जुड़ी संभावित जटिलताओं, जैसे मतली, चक्कर, श्वसन अवरोध और रिकवरी में देरी से बचाव होता है। यह सर्जरी मेडिकल कॉलेज रायगढ़ की सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग की टीम द्वारा की गई। पूरे ऑपरेशन के दौरान मरीज सजग रहीं और उनकी सभी शारीरिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। विशेष रूप से ऑपरेशन के बाद भी इसी एपिड्यूरल कैथेटर से दर्द निवारक दवाएं दी जाती रहीं, जिससे मरीज को अधिक आरामदायक और सुरक्षित अनुभव प्राप्त हुआ। इस सर्जरी में विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया डॉ. एएम लकड़ा और उनकी टीम ने विशेष दक्षता और सूझबूझ का परिचय दिया। इस प्रक्रिया की सफलता ने न केवल अस्पताल की क्षमता को सुदृढ़ किया है बल्कि भविष्य के लिए एक प्रेरक उदाहरण भी स्थापित किया है।

### बेहतर रिकवरी और नई दिशा

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज की यह पहल दर्शाती है कि अब छोटे से लेकर जटिल ऑपरेशन भी आधुनिक क्षेत्रीय एनेस्थीसिया विधियों से सुरक्षित और कुशलतापूर्वक किए जा सकते हैं। इससे मरीजों की रिकवरी तेज होती है। आईसीयू या लंबे समय तक बेहोशी से जुड़ी परेशानियों से बचा जा सकता है और मरीज मानसिक रूप से भी अधिक स्थिर रहते हैं।

***रायगढ़।** जिला मुख्यालय में खाद विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट और भोजनालय में छापामार कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाए जाने पर 8 मामलों में कुल 22 सिलेंडर जब्त किए हैं।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

